एक नजर में

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए नामदेव को डॉक्टरेट की उपाधि



**इंदौर.** लायंस क्लब इंटरनेशनल के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एसपी नामदेव इंदौर को उनके द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहते हुए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए मेरी लैंड स्टेट यूनिवर्सिटी मेरीलैंड यूएसए द्वारा बिजनेस मैनेजमेंट एवं सोशल वर्क विषय पर डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई. यूनिवर्सिटी द्वारा दिल्ली में आयोजित इंडो इंटरनेशनल इंटलेक्चुअल कांक्लेव 2026 में पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया. लायंस के पब्लिक रिलेशन एवं इमेज बिल्डिंग चेयरपर्सन लायन दिनेश कुमार रणधर द्वारा जानकारी दी गई.

## भागीरथपुरा मामले में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन



**इंदौर.** भागीरथपुरा मामले में समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन किया. समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. मनोज यादव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबु अग्रवाल के साथ बडी संख्या में ग्वालियर, भोपाल, देवास, नागदा, सीधी, सतना, उज्जैन व इन्दौर के साथी हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए उनके बंगले पर घेराव करने पहुंचे. बंगले से पहले पुलिस ने छावनी बनाकर रोक दिया. पुलिस ने गिरफ्तारी चालू कर दी. राजेन्द्र यादव, राम-स्वाधाम (एडव्होकेट), नगर व जिलाध्यक्ष, भोपाल के विशाल यादव एवं महिला नेत्रियां बडी संख्या में कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफतार कर बड़ा गणपति थाने पर ले गई. फिर कार्यकर्ताओं का दल डॉ. मनोज यादव के साथ पीड़ित परिवारों से मिलने भागीरथपुरा पहुंचा.

## कोदिया स्वामी विवेकानंद अलंकार सम्मान से सम्मानित



**इंदौर.** रजक समाज के समाजसेवी शिव नारायण कोदिया को कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं इंदौर सेवा ट्रस्ट मध्य प्रदेश के द्वारा आयोजित समारोह मे विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान से मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा, पूर्व राज्य मंत्री पंडित योगेंद्र महंत, सचिन आशीष शिंदे, इंदौर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पंडित प्रतीक महाराज, ज्योतिषाचार्य श्रीमती अलका सैनी, अध्यक्ष प्रकाश मनावत द्वारा सम्मानित किया गया. श्री कोदिया के सम्मानित होने पर वरिष्ठ समाज सेवी मोनिक मालवीय, देवीलाल लश्करी, मोहन खलीफा, संजय मालवीय, सुनील मालवीय, सुरेश शर्मा बंजरिया, केवल राम मालवीय, चेतन कोदिया, पप्पू (दीपक) साहू ने बधाई दी.

## राष्ट्रीयता की सशक्त पहचान है हिंदी



**इंदौर.** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में इंदौर के प्रख्यात डायबिटीज, मोटापा, थायराइड एवं हार्मोन विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर पल, हर क्षण और हर दिन मनाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारा गौरव, हमारी शान, हमारा मान और हमारी संस्कृति, अस्मिता एवं राष्ट्रीयता की सशक्त पहचान है. इस अवसर पर डॉ. राजेश अग्रवाल ने वरिष्ठ चिकित्सक एवं लोकप्रिय शिक्षक डॉ. सुबोध बांझल, सेवाभावी चिकित्सक डॉ. अभ्युदय वर्मा एवं डॉ. जितेन्द्र चौहान को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया.

## दास हनुमान बगीची पर राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव आज



**इंदौर.** पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची पर चल रहे जय सियाराम बाबा मूर्ति अवतरण महोत्सव में मंगलवार 13 जनवरी को सुबह 8 बजे से राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव प्रारंभ होगा. जय सियाराम बाबा स्मृति ट्रस्ट के कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता, अशोक पटेल एवं मंदिर के पुजारी पं. देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि सुबह 8 बजे रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ होगा और रात 8 बजे से शहर के करीब 10 रामायण मंडलों एवं भजन मंडलों द्वारा पूरी रात भजनों की प्रस्तुतियां समर्पित की जाएंगी. बुधवार 14 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 108 सुंदरकाण्ड पाठ द्वारा हवन प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति के बाद महाआरती एवं चालित प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा. बाबा की मूर्ति का पाटोत्सव 14 से 20 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा.

## भगवान अनुभूति का विषय : स्वामी प्रणवानंद



**इंदौर.** हमारे धर्मग्रंथ सुषुप्त समाज को जागृत एवं चैतन्य बनाते हैं। मनुष्य का जीवन हमें केवल पशुओं की तरह व्यवहार करने के लिए नहीं, बल्कि सदभाव, परमार्थ और सेवा करूणा जैसे प्रकल्पों के लिए भी मिला है. भगवान अनुभूति का विषय है. हृदय में पवित्र संकल्प आयेंगें तो विचारों का प्रवाह भी निर्मल हो जाएगा. भगवान की लीलाओं के दर्शन एवं श्रवण से मन में पवित्र संकल्पों का सृजन होकर मन के विकार दूर होते हैं और शरीर की इन्द्रियों पर सात्विक प्रभाव होता है. आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है कृष्ण-रूक्मणी विवाह. विवाह जैसे संस्कारों के कारण ही हमारे भारतीय समाज आज भी मर्यादित और शालीन बने हुए हैं. सही मायने में विवाह ही वह मान्यता है जो हमारे घरों को पाश्चात्य संस्कृति से बचाए हुए है. ये विचार हैं अखंड प्रणव वेदांत आश्रम झलारिया के महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने बायपास स्थित रूचि लाइफ स्केप पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में सोमवार को श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. अखंड प्रणव वेदांत आश्रम पर चल रहे इस भागवत ज्ञान यज्ञ में दिनोंदिन भक्तों की संख्या बढ़ रही है. सोमवार को कथा के दौरान रुक्मणी मंगल का उत्सव धूमधाम से मनाया गया. कृष्ण और रुक्मणी बने पात्रों ने एकदूजे को जैसे ही वरमाला पहनाई, आश्रम परिसर भगवान के जयघोष से गूंज उठा। बधाई गीतों और प्रसाद वितरण के साथ उत्सव का समापन हुआ. कथा शुभारम्भ के पूर्व समाजसेवी सुरेश-मृदुला शाहरा, गीता भवन ट्रस्ट के मंत्री रामविलास राठी, कल्पना भाटिया, प्रदीप अग्रवाल, मनोज रामनानी, डॉ. गोपाल गौतम, संतोष-कल्पना पाराशर, आनंद चौकसे, गोकुल सिसोदिया आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी कमल राठी, कमलेश मंडन, श्रीमती कांता अग्रवाल, आनंद शर्मा, गोविंद सिंह, नीरज पाटीदार, बाबूसिंह मंडलोई, अजय पानसरे ने की. समापन पर सैकड़ों भक्तों ने आरती में भाग लिया. कथा में 13 जनवरी को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का विश्राम होगा.

# जल संबंधी समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

**स्वच्छ जल अभियान के तहत जल सुनवाई के कार्यक्रम होंगे आयोजित**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बैठक संपन्न**



**इंदौर.** राज्य शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले में भी स्वच्छ जल अभियान प्रारंभ किया गया है इस अभियान के अंतर्गत 13 जनवरी से इंदौर जिले के इंदौर नगर निगम सहित अन्य सभी नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में जल सुनवाई के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की पेयजल समस्या से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनका मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा.

कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जल की गुणवत्ता के संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। जल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, स्वच्छ जल अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे. बैठक में अभियान क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. नगर निगम आयुक्त ने अभियान की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए जल सुनवाई के संबंध में बताया. उन्होंने बताया कि शुद्ध पेयजल की उपलब्धता तो सुनिश्चित करना ही है साथ ही सभी पेयजल टंकियां की साफ सफाई का कार्य भी अनिवार्य रूप से किया जाना है.

### जल स्त्रोतों का क्लोरीनाइजेशन भी होगा

बैठक में बताया गया कि इसके साथ ही सभी जल स्त्रोतों से पेयजल के नमूने लिए जाएंगे और उनका परीक्षण किया जाएगा. साथ ही जल स्त्रोतों का क्लोरीनाइजेशन भी होगा. बैठक में निर्देश दिए गए की स्वच्छ जल अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए. बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें. लोगों की जल संबंधी समस्याओं को सुने उनका मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाए. समस्याओं को रजिस्टर में संधारित भी करें.

### नागरिकों से की अपील

नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे जल तथा सीवर से संबंधित समस्या की सूचना निर्धारित माध्यमों से संबंधित निकायों को उपलब्ध कराये जिससे कि समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके.

## 85 वार्डों में आज से प्रारंभ होगी जलसुनवाई

**स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को होगा आयोजन**

**इंदौर.** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 10 जनवरी से स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ किया गया है. उक्त अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगर निगम इंदौर द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है. अभियान के अंतर्गत 13 जनवरी से नगर निगम क्षेत्र के समस्त 85 वार्डों में स्थित पेयजल टंकियों पर प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जल सुनवाई आयोजित की जाएगी.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी 85 वार्डों में जल सुनवाई हेतु स्थल निर्धारित किए गए हैं, जहां नागरिक अपनी जलप्रदाय से संबंधित समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे दर्ज करा सकेंगे. जल सुनवाई के दौरान प्राप्त समस्त आवेदनों एवं शिकायतों को संकलित कर संबंधित अपर आयुक्त / कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय) को अवगत कराया जाएगा. जो प्रकरण झोन स्तर पर निराकृत किए जा सकते हैं, उनका निराकरण संबंधित झोन द्वारा किया जाएगा, वहीं जिन प्रकरणों का समाधान मुख्यालय स्तर से आवश्यक होगा, उन्हें तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यालय प्रेषित किया जाएगा. इसके साथ ही झोन स्तर से प्राप्त जल सुनवाई संबंधी प्रकरणों का निराकरण कार्यपालन यंत्री, जलप्रदाय द्वारा अपर आयुक्त, जलप्रदाय को अवगत कराते हुए नियमानुसार कराया जाएगा, जिससे शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके. महापौर व निगम आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस जल सुनवाई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी जल संबंधी समस्याओं से नगर निगम को अवगत कराएं तथा स्वच्छ जल अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें.

## दाल, अनाज और अन्य खाद्यान्नों की आधुनिक मशीनों की प्रदर्शनी का आयोजन 6 फरवरी से

**इंदौर.** ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वाधान में दाल, अनाज एवं अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की अति आधुनिक मशीनरी की प्रदर्शनी ग्रेनेक्स इंडिया का आयोजन 6, 7 एवं 8 फरवरी को बेप्स स्वामीनारायण अक्षरधाम मन्दिर ( नेमावर रोड चौराहा) बायपास रोड पर होने जा रहा है.

ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि 3 दिवसीय इस प्रदर्शनी में चीन, जापान, टर्की, स्पेन, ताईवान, कोरिया, इंग्लैंड सहित अन्य देशों की अनेक कंपनियों के साथ भारत की चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, राजकोट, सोनीपत, फरीदाबाद, दिल्ली सहित अनेक शहरों के खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के मशीन निर्माता कंपनियाँ अपनी अत्याधुनिक मशीनों (उत्पादों) का लाइव डेमो देंगी. इससे व्यापारियों को एक स्थान पर ही समस्त प्रकार की मशीनों की जानकारी मिल सकेंगी. एक्जीबिशन में 200 से अधिक राष्टीय एवं अन्तर्राष्टीय कंपनियाँ भाग ले रही हैं. सम्पूर्ण भारत में दाल मिल, सोयाबीन प्लांट, चना मिल के साथ हजारों की संख्या में गेहूँ व मिर्च- मसालों के बड़े व्यापारी एवं डीलर हैं एवं आटा मिल भी हैं, साथ ही कई फूड ग्रेन उद्योग एवं प्लांट प्रोसेस में हैं, बहुत से परंपरागत उद्योग अपने व्यापार एवं व्यवसाय के विस्तार में बहुत रुचि रखते हैं, इसी को ध्यान में रखकर प्रति 2 वर्षों में संस्था के तत्वाधान में विकासशील दाल मिल एवं अनाज उद्योग की बढ़ती जरूरतों के लिए व्यापार का विस्तार करने और बाजार का पता लगाने के लिए ग्रेनेक्स इंडिया का आयोजन किया जाता है, जो कि एक मंच के रूप में इस तीन दिवसीय एक्जीबिशन में देखने को मिलेंगी. तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी (एक्जीबिशन) में मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से दाल मिलर्स, फ्लोअर मिल, अनाज व्यापार एवं अन्य खाद्य प्रसंस्करणकर्ता व्यापारी सुबह 10 से शाम 7 बजे तक लाभ उठा सकेंगे.

## पर्यावरण संरक्षण व युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का संकल्प

- **संयुक्त परिवार का महत्व बताएंगे, सामाजिक समरसता का संदेश घर-घर पहुंचाएंगे**
- **विश्व ब्राह्मण समाज संघ के युवा प्रकोष्ठ की नियुक्ति एवं शपथ विधि सम्पन्न**



इंदौर. परिवार का महत्व आज जरूरी होने साथ संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचने के लिए आवश्यक होता जा रहा है, संयुक्त परिवार आज की आवश्यकता बनता जा रहा है. सनातन संस्कृति के संदेश को घर घर पहचाने के साथ सामाजिक समरसता भी बेहद जरूरी है.

यह बातें और संकल्प विश्व ब्राह्मण समाज संघ अंतर्गत प्रदेश युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों शपथ विधि समारोह में अतिथियों के द्वारा व्यक्त किया गए. पूर्वी क्षेत्र के अंगारा होटल में हुए इस आयोजन के मुख्य अतिथि विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पंयोगेंद्र महंत थे. पं. योगेंद्र महंत ने कहा कि हमें हर घर एक पेड़ लगाने के साथ ही संस्कारो संस्कृति को आगे बढ़ाना और युवा पीढ़ी को संयुक्त परिवार के महत्व बताना है. पंडित विजय बौड़खा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने के साथ सामाजिक समरसता के बारे में कहा. आयोजन के मुख्य अतिथि विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र महंत थे. उन्होंने युवाओं को समाज संस्कृति और धर्म से जोड़ने का आह्वान किया, प्रारंभ में अपर्णा जोशी ने संगठन की जानकारी दी और स्वागत भाषण दिया. अतिथि स्वागत सचिन बैरागी, नरेंद्र दीक्षित, लोकेंद्र बैरागी इंदौर आदि ने स्वागत किया. संचालन गोपाल बैरागी ने किया. आभार विनित त्रिवेदी ने माना.

### इन्हें दी गई जिम्मेदारी...

संघ के मध्य प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का गठन एवं शपथ विधि समारोह आयोजित किया जिसमें प्रदेश महामंत्री अजय जोशी को नियुक्त किया. राकेश बैरागी उज्जैन को प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया. अभिषेक शर्मा एवं जय वैष्णव, अंकित दुबे उज्जैन प्रदेश उपाध्यक्ष, रवि वैष्णव प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ, गिरीश व्यास इंदौर महानगर अध्यक्ष तथा राहुल जोशी इंदौर जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, एवं उपाध्यक्ष विवेक शर्मा अभिषेक बैरागी इंदौर, राजेश कुमार जिला अध्यक्ष बड़वानी, महंत शुभम वैष्णव जिला धार महामंत्री बनाया.



## सखियों ने रंगारंग मस्ती के बीच लिए नव वर्ष में नए संकल्प

### लव यू जिन्दगी श्रृंखला में महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज का कार्यक्रम

**इंदौर.** अंग्रेजी नए वर्ष की अगवानी में सोमवार को महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की 100 से अधिक सखियों ने अपने लव यू जिन्दगी कार्यक्रम की श्रृंखला में देवास नाका क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट पर मस्ती और धमाल से भरपूर 'न्यू ईयर, न्यू यू: द फ्यूजन किटी' का रंगारंग आयोजन किया.

परम्पराओं और आधुनिकता के समन्वय से सखियों ने करीब 4 घंटे की अवधि में एकदूसरे के सुख दु:ख को बाँटने के साथ ही हंसी मजाक, संगीत, सेल्फी और फैशन का भी जमकर लुत्फ़ उठाया और आकर्षक पुरस्कार भी प्राप्त किए. प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल ने बताया कि सखियों के लिए सौलफुल क्किर्की और ट्रेडिशनल थीम रखी गई थी। सखियों ने साड़ी, जींस, ट्राउजर, स्कर्ट और स्नीकर्स परिधान में आकर नए और पुराने वस्त्रों का समन्वय भी प्रदर्शित किया। लकी ड्रा में राखी, शिल्पा, शीतल, श्वेता, प्रीति, नीलम, नीना, पूनम, श्वेता, वैशाली विजेता रहे जबकि बेस्ट ड्रेसअप के लिए करिश्मा, काजल, मधु डालमिया एवं मोनिका का चयन किया गया. निर्णायक जिनी झाला और आयुषी द्वारा दिए गए नतीजों के आधार पर सखियों को पुरस्कृत किया गया.

### आकर्षक रेजोल्यूशन को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा नए वर्ष की अगवानी में अपने लिए नए रेजोल्यूशन को व्यक्त करने का था जिसमें सखियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भावनाएं और अपने संकल्प व्यक्त किए. किसी ने अपने आसपास के बच्चों को शिक्षा देने, किसी ने बीमार लोगों की सहायता करने, किसी ने अपने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाने, किसी ने चित्रकारी और किसी ने अपनी बिछड़ी हुई सखियों से मिलने जैसे रेजोल्यूशन व्यक्त किए. आकर्षक रेजोल्यूशन और अन्य स्पर्धाओं के लिए सखियों को उपहार भेंट कर पुरस्कृत भी किया गया.

## क्षेत्र की जीवनदायिनी गंभीर में प्रदूषण को लेकर पीसीबी सख्त

**- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर परिषद महूगांव को नोटिस**

**- निरीक्षण में खुली पोल, घाटों पर फैला मिला कचरा**



**महू.** क्षेत्र की जीवनदायिनी गंभीर नदी के अस्तित्व पर मंडरा रहे प्रदूषण के खतरे को देखते हुए मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) ने कड़ा रुख अपनाया है. पूर्व मंडल अध्यक्ष जयेश यादव द्वारा की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बोर्ड ने नगर परिषद महूगांव को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं.

शिकायत के बाद प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा 31 दिसंबर 2025 को गंभीर नदी के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया था. इस दौरान बोर्ड के अधिकारियों ने पाया कि गौशाला घाट पर सॉलिड वेस्ट (ठोस अपशिष्ट) यत्र-तत्र बिखरा हुआ है और चारों ओर गंदगी व्याप्त है. निरीक्षण रिपोर्ट में नदी में नगर पालिका के नालों, गटर और सीवेज के अनुपचारित पानी को सीधे छोड़े जाने की पुष्टि हुई है. बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, महूगांव को पत्र जारी कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं.


### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यह निर्देश दिए

बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे ने निर्देश दिए हैं कि गंभीर नदी स्थित सभी घाटों की तुरंत साफ-सफाई कराई जाए. प्रदूषण पर रोक लगाई जाए. नदी के संरक्षण के लिए आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. जल उपचार संयंत्र महूगांव का घरेलू दूषित जल नदी में न मिले, इसके लिए जल्द से जल्द दूषित जल उपचार संयंत्र की स्थापना सुनिश्चित की जाए.

### यह है शिकायतकर्ता का पक्ष

इस मामले में शिकायतकर्ता जयेश यादव ने बताया कि लंबे समय से गंभीर नदी में सीवेज का पानी छोड़ा जा रहा है, साथ ही कचरा भी फेंका जा रहा है, जिससे नदी का जल प्रदूषित हो रहा है. उन्होंने मांग की है कि प्रशासन केवल कागजी खानापूर्ति न करे, बल्कि धरातल पर गंभीर नदी घाट की सफाई व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम शुरू करे, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए नदी को बचाया जा सके. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में उचित कदम नहीं उठाए गए, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन करेगा राष्ट्रव्यापी सेवा अभियान



**इंदौर.** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं मैं से हम यात्रा के प्रेरक जैनरत्न स्व. प्रदीप कुमार सिंह जैन कासलीवाल की 78वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 13 जनवरी 2026 के अवसर पर 11 से 18 जनवरी तक सम्पूर्ण देश में सेवा दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं. इस सेवा सप्ताह में देशभर के 350 से अधिक दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप्स द्वारा अनाथालय, वृद्धाश्रम, बाल आश्रम, अस्पतालों तथा जरूरतमंद वर्ग के लिए सेवा, सहयोग, भोजन वितरण एवं अन्य सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

देशभर के सभी सोशल ग्रुप सदस्यों से सहभागिता का आह्वान फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, महासचिव विनय जैन, कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल एवं रीजन अध्यक्ष प्रदीप चौधरी द्वारा किया गया है. फेडरेशन के मीडिया प्रभारी सतीश जैन एवं राजेश जैन 'दद्दु' ने बताया कि इस अवसर पर महावीर ट्रस्ट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष अमित कासलीवाल के नेतृत्व में कल महावीर कीर्ति स्तंभ पर आर्टिफीसियल पेर का वितरण किया जाएगा, इंदौर स्थित वृद्धाश्रम में भोजन ,हॉस्पिटल में फल वितरण किया जाएगा.

एक नजर में | **एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री मध्य प्रदेश वूमेन विंग सिद्धि द्वारा कार्यक्रम आयोजित**

## महिला उद्यमियों को दी सरकारी नीतियों की जानकारी




**इंदौर. एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री मध्य प्रदेश वूमेन विंग सिद्धि ने महिला उद्यमियों के लिए सरकारी नीतियों की जानकारी के लिए कार्यक्रम आयोजित किया.**

सिद्धि के अध्यक्ष श्रेष्ठा गोयल ने अपने संबोधन में कहा महिला उद्यमी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं. अक्सर जानकारी के अभाव में छोटे उद्यमी सरकारी लाभों से वंचित रह जाते हैं. इस तरह के सत्रों का उद्देश्य उस जागरूकता अंतराल को भरना है ताकि हर छोटा व्यापारी आत्मनिर्भर भारत का हिस्सा बन सके. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीति जीनवाल कुमायूं, डिप्टी मैनेजर एनएसआईसी, उन्होंने सरकारी नीतियों का महिला उद्यमी कैसे फायदा ले सकते हैं इसके बारे में विस्तार में बताया और साथ ही उद्यमियों आने वाली समस्याओं, इंटरनेशनल एग्जिबिशन में पार्टिसिपेशन और टेंडर पार्टिसिपेशन की बारीकियां के बारे में भी समझाया. साथ ही सरकारी योजना (जैसे मुद्रा योजना या जेड सर्टिफिकेशन) के बारे में भी जानकारी दी गई. इस प्रोग्राम में सिद्धि से करीब 45 महिला उद्यमियों ने भाग लिया और इस प्रोग्राम को सुनीता जैन रुपाली जागीरदार और श्वेता सिसोदिया ने ऑर्गेनाइज किया.